संक्षेप

## सोनपथरी आश्रम प्रकरण में छह आरोपी गिरफ्तार

श्रावस्ती। थाना सिरसिया क्षेत्र के सोनपथरी आश्रम के पास नाले में मांसाहारी भोजन बनाने और अवशेष फेंकने के मामले में पुलिस ने छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी के निर्देश पर की गई। पुलिस के अनुसार, 17 मार्च को कुछ लोगों द्वारा जंगल में स्थित आश्रम के पास नाले के किनारे मांसाहारी भोजन बनाया गया और उसके अवशेष नाले में फेंक दिए गए। बताया गया कि इसी नाले का पानी आश्रम में आने वाले श्रद्धालु पीने और अन्य कार्यों में इस्तेमाल करते हैं, जिससे उनकी धार्मिक भावनाएं आहत हुईं। मामले में आश्रम के पुजारी की तहरीर पर थाना सिरसिया में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। साथ ही वन विभाग की शिकायत पर जंगल में आग जलाने और वनजीवों को नुकसान पहुंचाने के आरोप में भी केस दर्ज किया गया।

## जनसेवा केंद्र पर हुई लूट में दो पर केस दर्ज

प्रतापगढ़। जनसेवा केंद्र पर हुई लूट की घटना में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। सांगीपुर थाना क्षेत्र के हर्षपुर कोटवा निवासी बालाजी मिश्र पुत्र सुरेश नारायण मिश्र ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि लालगंज कोतवाली के पूरे तिलकराम में वह जनसेवा केंद्र का संचालन करता है। पीड़ित जनसेवा केंद्र से पैसों के जमा निकासी का कार्य भी करता है। आरोप है कि बीती बाइस मार्च को सुबह करीब पौने आठ बजे पीड़ित का पुत्र शिवांश मिश्र दुकान पर पैसे गिन रहा था। इसी बीच राजाबाबू पुत्र छेदीलाल अपने एक साथी के साथ वहां पहुंचा और शिवांश के साथ मारपीट करते हुए अड़तालिस हजार सात सौ पचास रुपए लेकर फरार हो गया। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि जांच के बाद तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। शीघ्र ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

## मॉडल शॉप निर्माण की एसडीएम से शिकायत

प्रतापगढ़। सरकारी खाद्यान्न मॉडल शॉप की दुकान के लिए गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय के पास की जमीन आवंटित न होने से ग्रामीणों ने एसडीएम से शिकायत की है। गोड़वा गांव के बृजेन्द्र मोहन पाण्डेय, विशम्भरनाथ मिश्र, मो0 असलम, अरूण सिंह, सुरेश कोरी, अशोक यादव, पवन साहू, रियाज, अनिल शर्मा, राकेश तिवारी, रितिक मौर्य आदि ग्रामीणों ने एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा को भेजे गये शिकायती प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि प्रधान व कोटेदार की मिलीभगत से मॉडल शॉप का निर्माण गांव किनारे कराया जा रहा है। इससे ग्रामीणों को वहां पहुंचकर राशन लेने में खासी असुविधा होगी। ग्रामीणों ने प्राथमिक विद्यालय के पास स्थित ग्रामसभा की जमीन पर जनहित में दुकान का निर्माण कराए जाने की मांग उठाई है। एसडीएम ने जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिये हैं।

## श्रद्धालुओं की उमड़ रही भीड़

प्रतापगढ़। चैत्र नवरात्र को लेकर देवी मंदिरों में आराधना का स्वर गुंजायमान हो रहा है। पौराणिक शिवालय बाबा घुइसरनाथ धाम में स्थापित मां जगदम्बा की प्रतिमा का दर्शन पूजन करने प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। मां आदिशक्ति की पूजा के साथ ही देवाधिदेव महादेव को भी जलाभिषेक कर मंगलमय कामना श्रद्धालु कर रहे हैं। वहीं लालगंज के इनहन भवानी धाम कटरा बलीपुर में मां इनहन देवी, सांगीपुर में चौर्हजन देवी, अगई में मां दुर्गन देवी, असरही में गुम्मौर देवी, कल्यानपुर ढ़िगवस में मां काली, मां पीताम्बरा, कस्बा स्थित हरिहरमंदिरम में दुर्गा मंदिर में दर्शन पूजन को बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं।

## वाहन की टक्कर से दो लोगों की मौत

एटा। जनपद के जलेसर थाना क्षेत्र में सोमवार की शाम एक भीषण सड़क हादसे मोटरसाइकिल सवार दो व्यक्तियों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मरने वालों में से एक युवक अक्षय (19) अपनी बहन की शादी में शामिल होने जा रहा था। पुलिस के मुताबिक, अक्षय (19), निवासी गणेशपुर और उसका मित्र कन्हैया (21) मोटरसाइकिल से जलेसर की ओर आ रहे थे और वे जैसे ही नगला गोठी के पास पहुंचे तभी एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी।

# नव निर्माण के 9 वर्ष कार्यक्रम संपन्न

### प्रभारी मंत्री अनिल राजभर ने लाभार्थियों को वितरित किए प्रमाण पत्र व चेक



सिद्धार्थनगर- उत्तर प्रदेश सरकार के नव निर्माण के 9 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर लोहिया कला भवन में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रम एवं सेवायोजन तथा जनपद प्रभारी मंत्री अनिल राजभर रहे। कार्यक्रम में विधायक कपिलवस्तु श्यामधनी राही, भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक मौर्या, जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी.एन., पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन, मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह सहित कई जनप्रतिनिधि व अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस दौरान मंत्री अनिल राजभर ने कहा कि केंद्र सरकार के 11 वर्ष और प्रदेश सरकार के 9 वर्ष पूरे होने पर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नेतृत्व में गरीबों, किसानों, महिलाओं और युवाओं के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिससे लोगों के जीवन स्तर में सुधार हो रहा है। कार्यक्रम में सरकार की उपलब्धियों पर आधारित ह्वनव निर्माण के 9 वर्षह्व पुस्तिका का विमोचन किया गया तथा विभिन्न विभागों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया। सांस्कृतिक दलों ने जनकल्याणकारी योजनाओं पर आधारित कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। इस अवसर पर आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना की चाभी, स्वयं सहायता समूहों को चेक, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के लाभार्थियों को सांकेतिक चेक, टूलकिट, निपुण विद्यालय सम्मान पत्र, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत महिलाओं को सम्मान पत्र, भूतपूर्व सैनिकों की पत्नियों को सम्मान, पीएम सूर्य घर योजना के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र तथा दिव्यांगों को उपकरण वितरित किए गए। कार्यक्रम के अंत में जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी.एन. ने मुख्य अतिथि और जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न विभागों के अधिकारी व बड़ी संख्या में लाभार्थी उपस्थित रहे।

# खेसरहा ब्लॉक परिसर में नीति आयोग का कार्यक्रम संपन्न



खेसरहा बांसी सिद्धार्थनगर। गत मंगलवार जिले के खेसरहा ब्लॉक परिसर में नीति आयोग से संबंधित एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों व कर्मचारियों ने अपनी भागीदारी सांझा किया, उक्त जनप्रतिनिधियों अधिकारियों ने भाग लेते हुए ग्रामीण विकास को गति देने पर न सिर्फ चर्चा किया अपितु जोर भी दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि केशभान राय ने अपने संबोधन में कहा कि नीति आयोग की पहल से ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास को नई दिशा मिल रही है। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण और रोजगार से जुड़ी सरकारी योजनाओं को प्रभावी ढंग से धरातल पर लागू करने की आवश्यकता पर बल दिया, ताकि योजनाओं का लाभ सीधे आमजन तक पहुंच सके। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी अमित सिंह ने विभिन्न विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया कि सभी योजनाओं को पारदर्शिता और गुणवत्ता के साथ क्रियान्वित किया जाए। कार्यक्रम में थानाध्यक्ष अनूप कुमार मिश्रा, पूर्व ब्लॉक प्रमुख तुफैल अहमद, प्रधान संघ अध्यक्ष शिवेंद्र द्विवेदी सहित ब्लॉक के कर्मचारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तथा नीति आयोग की टीम के सदस्य भी उपस्थित रहे ! अधिकारियों ने बैठक के दौरान विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए जमीनी स्तर पर कार्यों को और बेहतर ढंग से लागू करने के निर्देश दिए। साथ ही उपस्थित लोगों को सरकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाने के लिए जागरूक किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने क्षेत्र के विकास को गति देने तथा योजनाओं का लाभ हर जरूरतमंद तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

# मिशन शक्ति अभियान में महिलाओं को सुरक्षा अधिकारों की जानकारी



श्रावस्ती। मिशन शक्ति 5 के द्वितीय चरण के तहत श्रावस्ती पुलिस द्वारा महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक करने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी के निर्देशन में यह कार्यक्रम जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में संचालित किया जा रहा है। अभियान के तहत भिनगा, सिरसिया, मल्हीपुर, हरदत्तनगर, सोनवा, गिलौला और इकौना सहित कई थानों की पुलिस टीमों ने गांवों, स्कूलों और सार्वजनिक स्थानों पर पहुंचकर महिलाओं को उनके अधिकारों और सुरक्षा उपायों की जानकारी दी। चौपाल लगाकर महिलाओं से संवाद किया गया और उन्हें निडर होकर अपनी समस्याएं बताने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान साइबर अपराधों से बचाव के बारे में भी जानकारी दी गई। महिलाओं को बताया गया कि किसी के साथ ओटीपी साझा न करें, मजबूत पासवर्ड रखें और ठगी होने पर तुरंत साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत करें। पुलिस ने महिलाओं को 1090, 112, 108, 1098, 102, 181 और 1076 जैसे महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी दी। साथ ही सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया गया, ताकि महिलाएं उनका लाभ उठा सकें। अभियान के अंतर्गत मिशन शक्ति केंद्रों की जानकारी और पंपलेट भी वितरित किए गए, जिससे जरूरत पड़ने पर महिलाओं को तुरंत सहायता मिल सके।

## कण कण में भगवान शिव का है वास : स्वामी सम्पूर्णानंद



प्रतापगढ़। नगर के घुइसरनाथ रोड पर स्थित राधा मोहन मंदिर परिसर में चल रहे श्रीशिवमहापुराण कथा में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। कथाव्यास स्वामी सम्पूणानंद महराज ने कहा कि परमात्मा का सदैव स्मरण करते रहना चाहिए। भगवान शिव का कण कण में वास है। वह कब किस रूप में प्रकट हो जाय कहा नहीं जा सकता है। कथाव्यास ने बताया कि मानव जीवन को सुधारने का सतगुरू की शरण ही सबसे उत्तम मार्ग है। सतगुरू ही मनुष्य को परमात्मा से मिलन का मार्ग सशक्त कर सकता है। उन्होने बताया कि भूतभावन भगवान भोलेनाथ की सच्चे मन से की गयी आराधना मनुष्य के जीवन के सभी संकटों से मुक्त करते हुए विजय का मार्ग प्रशस्त करती है। कार्यक्रम के मुख्य आयोजक समाजसेवी रामलखन जायसवाल व मीरा जायसवाल ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच व्यासपीठ का पूजन किया। कार्यक्रम का संचालन धर्मेन्द्र प्रताप सिंह चौहान ने किया। कार्यक्रम का संयोजन दीपक जायसवाल व शिव कुमार जायसवाल ने किया। इस मौके पर विजयनाथ जायसवाल, बैजनाथ जायसवाल, कैलाशनाथ जायसवाल, डा0 रमाशंकर शुक्ल, रामजी जायसवाल, रामप्रकाश जायसवाल, मोती लाल जायसवाल, दारा सिंह, निरंजन प्रकाश तिवारी, अंकित, आयुष, शौर्य, सौम्य आदि ने कथा का श्रवण किया।

# दो शातिर चोर गिरफ्तार

### जोगिया उदयपुर पुलिस की बड़ी सफलता



सिद्धार्थनगर- चोरी की घटनाओं के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत जोगिया उदयपुर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के आदेश पर चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थानाध्यक्ष जोगिया उदयपुर अभय सिंह के नेतृत्व में पुलिस व एंटी थेफ्ट टीम की संयुक्त कार्रवाई में दो शातिर चोरों को गिरफ्तार कर दो चोरी की घटनाओं का सफल अनावरण किया गया। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि थाना क्षेत्र में हुई चोरी की घटना में शामिल दो संदिग्ध व्यक्ति पुनः चोरी की फिराक में गोनहा रोड स्थित कठही गांव के पास खड़े हैं। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष अभय सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस को देखकर दोनों संदिग्ध भागने लगे, लेकिन पुलिस ने घेराबंदी कर उन्हें मौके पर ही पकड़ लिया। पकड़े गए अभियुक्तों की पहचान आकाश विश्वकर्मा उर्फ लाला निवासी छितौनी थाना शिवनगर डिडई और श्यामसुन्दर मौर्या निवासी मुडार खुर्द थाना बांसी के रूप में हुई। तलाशी के दौरान उनके पास से ?13,080 नकद, एक एंड्रॉयड मोबाइल, एक पेचकस, दो लोहे की खंती और एक अवैध चाकू बरामद किया गया। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने बताया कि उन्होंने 23/24 फरवरी 2026 की रात बांसी कस्बे के राप्ती नगर मोहल्ले में एक किराना दुकान का ताला तोड़कर चोरी की थी। दुकान के काउंटर से तीन चांदी के सिक्के और एक मोबाइल फोन चोरी करने के साथ ही पहचान छिपाने के लिए दुकान में लगे सीसीटीवी का ऊ्फभी निकाल लिया था।

# 475 बोतल अवैध अंग्रेजी शराब बरामद

### डिजायर कार से दो तस्कर गिरफ्तार

जिला संवाददाता

सिद्धार्थनगर। जनपद के बांसी तहसील सीओ सर्किल के थाना प्र0नि0 अरविन्द मौर्य के नेतृत्व में थाना शिवनगर डिडई पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान अवैध अंग्रेजी शराब की बड़ी खेप बरामद करते हुए दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। बरामद शराब की अनुमानित कीमत करीब 3 लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने मौके से एक डिजायर कार भी कब्जे में ले ली है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के निर्देश पर अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण और क्षेत्राधिकारी बांसी के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार मौर्य अपनी पुलिस टीम के साथ 23/24 मार्च की रात बेलगड़ी टोल प्लाजा पर वाहन चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान ल्फ5अे2012 नंबर की डिजायर कार को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान कार से 6 कपड़े के झोलों में रखी 750 एमएल की ओल्ड मोंक ब्रांड की कुल 475 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद हुई। वाहन सवार व्यक्ति शराब से संबंधित कोई वैध कागजात नहीं दिखा सके। पुलिस ने मामले में मु0अ0सं0 25/2026 धारा 60/63 आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान सनी पुत्र साहिब लाल निवासी उन्नाव/मुंडका नई दिल्ली तथा मानबहादुर पुत्र स्व. लोक बहादुर निवासी पालपा, लुम्बिनी (नेपाल) के रूप में हुई है।

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि बरामद शराब गाजियाबाद से नेपाल ले जाई जा रही थी। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार मौर्य, उपनिरीक्षक उदय सिंह, उपनिरीक्षक चंद्रशेखर यादव और उपनिरीक्षक राजीव भट्ट शामिल रहे।



## लाखों के सामान उड़ा ले गये चोर



प्रतापगढ़। एक ही रात तीन घरों में हुई चोरी से ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है। क्षेत्र में चोरी की घटनाओं में बढ़ोत्तरी से लोगों में आक्रोश भी देखा जा रहा है। सांगीपुर थाना क्षेत्र के जलालाबाद गांव में बीती सोमवार की रात तीन घरों में हुई लाखों की चोरी से ग्रामीणों में दहशत है। गांव के विजयपाल विश्वकर्मा, रामसुफल विश्वकर्मा व सोनू वर्मा दरवाजा बंद कर बाहर बरामदे में परिवार समेत सो रहे थे। पीड़ितजनों का आरोप है कि अज्ञात चोर उनके बिस्तर के सिराहने रखी घर की चाभी निकाल लिये और ताला खोलकर अंदर दाखिल हो गये। अज्ञात चोर घर में रखे बक्सों का ताला तोड़कर उसमें रखी कुल दो हजार की नकदी तथा लाखों के जेवरात व कीमती सामान चुरा ले गये। मंगलवार की सुबह सो कर उठने पर घर में चोरी होने की जानकारी हुई तो लोग आवाक रह गये। खोजबीन के दौरान घर से कुछ दूर सोनू वर्मा के घर से चोरी हुआ बक्शा पड़ा मिला। ग्रामीणों का कहना है कि बीते बाइस मार्च को भी पूरब देउम निवासी शिवम तिवारी के घर से भी लाखों के जेवरात चोरी हो गया था। पुलिस घटना का खुलासा नही कर पा रही है। ग्रामीण रतजगा करने को मजबूर हैं। इधर चोरी की घटना की जानकारी होने पर स्वाट टीम के साथ स्थानीय पुलिस ने मौके पर पहुंचकर छानबीन की। एसओ गौरव त्रिवेदी का कहना है कि तहरीर मिली है, जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

## वाराणसी में सिलेंडर फटने से मकान ढहा, भाई-बहन की मौत

वाराणसी। वाराणसी के लहरतारा क्षेत्र में मंगलवार सुबह गैस सिलेंडर फटने से एक मकान ढह गया, जिसके मलबे में दबकर भाई-बहन की मौत हो गई। पुलिस उपायुक्त नीतू कादयान ने बताया कि मंगलवार सुबह लहरतारा स्थित गिरिजा देवी के मकान के धराशायी होने और उसमें लोगों के फंसे होने की सूचना मिली। उन्होंने बताया कि इसके बाद पुलिस, अग्निशमन दल और राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) की टीम मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से मलबे में फंसी गिरिजा देवी, उनके दो पुत्रों और एक पुत्री को बाहर निकाला गया। सभी को तत्काल बीएचयू के ट्रामा सेंटर भेजा गया। पुलिस के अनुसार, हादसे में गिरिजा देवी और उनका एक पुत्र घायल हो गए, जबकि बेटा ओम (30) और बेटी प्रीति (28) को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।


# बिना भेदभाव के हर वर्ग को मिला योजना का लाभ

### पत्रकार वार्ता में प्रभारी मंत्री ने गिनाईं 9 वर्ष की उपलब्धियां




श्रावस्ती। प्रदेश सरकार के नव निर्माण के नौ वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित प्रेसवार्ता में जनपद के प्रभारी मंत्री एवं राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) आबकारी एवं मद्य निषेध विभाग, उ0प्र0 नितिन अग्रवाल ने सरकार की नौ वर्षों की उपलब्धियों को विस्तार से प्रस्तुत किया। प्रभारी मंत्री ने कहा कि बीते 09 वर्षों का कार्यकाल प्रदेश की जनता के विश्वास का प्रतीक रहा है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश को देश का ग्रोथ इंजन बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किए गए हैं। प्रदेश को अराजकता से मुक्त कर विकास और विश्वास की नई दिशा दी गई है। उन्होंने कहा कि सरकार ने कानून का राज स्थापित करने, पारदर्शी प्रशासन लागू करने तथा अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के संकल्प के साथ कार्य किया है। केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा बिना किसी भेदभाव के पात्र लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया गया है। प्रभारी मंत्री ने बताया कि आज उत्तर प्रदेश एक्सप्रेस-वे प्रदेश के रूप में पहचाना जा रहा है। सड़क, सुरक्षा, स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में व्यापक सुधार हुए हैं। महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है, जिससे प्रदेश में सुरक्षा का माहौल मजबूत हुआ है। उन्होंने कहा कि सरकार के ये 09 वर्ष सुनहरे वर्ष रहे हैं, जिनमें हर क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की गई हैं। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष दद्दन मिश्रा, विधायक रामफेरन पाण्डेय, सदस्य विधान परिषद साकेत मिश्र, जिलाध्यक्ष डा0 मिश्रीलाल वर्मा, जिलाधिकारी अश्विनी कुमार पाण्डेय एवं पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी और पत्रकार उपस्थित रहे।

# मनरेगा लोकपाल की जांच में भ्रष्टाचार उजागर, प्रधान/सचिव पर केस दर्ज


N.C.R.B (एन.सी.आर.बी)
I.I.F.-I (एकीकृत जांच फार्म-I)
(i)Occupation (व्यवसाय):
(j)Phone number (दूरभाष सं.):
Mobile (मोबाइल सं.): 91-9721391812
7.Details of known/suspected/unknown accused with full particulars (ज्ञात / संदिग्ध / अज्ञात अभियुक्त का पूरे विवरण सहित वर्णन):
Accused More Than (अज्ञात आरोपी एक से अधिक हो तो संख्या):

| S.No. (क्र.सं.) | Name (नाम) | Alias (उपनाम) | Relative's Name (रिश्तेदार का नाम) | Present Address (वर्तमान पता) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम प्रधान रावती देवी | | पति का नाम : अज्ञात | [illegible] |
| 2 | ग्राम पंचायत सचिव हरिशंकर सिंह | | पिता का नाम : अज्ञात | [illegible] |
| 3 | तकनीकी सहायक ओमप्रकाश | | पिता का नाम : अज्ञात | [illegible] |
| 4 | ग्राम रोजगार सेवक राजकुमार | | पिता का नाम : अज्ञात | [illegible] |

8.Reasons for delay in reporting by the complainant/informant (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता द्वारा रिपोर्ट देरी से दर्ज कराने के कारण):
9.Particulars of properties of interest (संबन्धित सम्पत्ति का विवरण):
S.No. (क्र.सं.) Property Category (सम्पत्ति श्रेणी) Property Type (सम्पत्ति का प्रकार) Description (विवरण) Value (In Rs/-) (मूल्य (₹ में))
10.Total value of property (In Rs/-)-सम्पत्ति का कुल मूल्य(₹
11.Inquest Report / U.D. case No., if any (मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट / यू.डी.प्रकरण सं., यदि कोई हो ):
S.No. UIDB Number

सिद्धार्थनगर। डुमरियागंज ब्लाक क्षेत्र के ग्राम पं0 देईपार में 7.91 लाख के फर्जी भुगतान व किए गए घोटाले के जांच में दोषी प्रधान व सचिव /रोजगार सेवक तकनीकी सहायक को दोषी पाए जाने पर विरुद्ध लोकपाल सुधीर कुमार ने गांव के जिम्मेदारो के विरुद्ध कार्यवाही किया। शिकायत कर्ता जंगल प्रसाद उर्फ जगराम की शिकायत पर मनरेगा लोकपाल सुधीर कुमार ने जांच के क्रम में ग्राम प्रधान ग्राम पं0सचिव व रोजगार सेवक तथा तकनीकी सहायक द्वारा किए गए भ्रष्टाचार पर रिकवरी के साथ विधिक कार्यवाही की गई, मनरेगा लोकपाल सुधीर कुमार ने डुमरियागंज ब्लाक क्षेत्र के देईपार गांव में मनरेगा में 7.91 लाख रुपये के फर्जी भुगतान घोटाले में दोषी पाए गए प्रधान रावती देवी, सचिव हरिशंकर सिंह, तकनीकी सहायक ओमप्रकाश, रोजगार सेवक राजकुमार समेत 4 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया। प्राप्त खबर के अनुसार शिकायतकर्ता जंगल प्रशाद उर्फ जगराम को जान से मारने की धमकी दी गई।शिकायत कर्ता ने भवानीगंज थाने में तहरीर देकर सुरक्षा की गुहार लगाई गई है।

# प्रभारी मंत्री ने किया मेले का शुभारंभ

### योजनाओं के लाभार्थियों को वितरित सहायता सामग्री



श्रावस्ती। उत्तर प्रदेश सरकार के नव निर्माण के नौ वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर कलेक्ट्रेट स्थित तथागत हाल में आयोजित 9 दिवसीय प्रदर्शनी एवं मेले के सातवें दिन प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उनके आगमन पर जिला पंचायत अध्यक्ष दद्दन मिश्रा, विधायक रामफेरन पाण्डेय, विधान परिषद सदस्य साकेत मिश्र, जिलाध्यक्ष डा. मिश्रीलाल वर्मा, जिलाधिकारी अश्विनी कुमार पाण्डेय और पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी ने स्वागत किया। प्रभारी मंत्री ने फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर मेले का शुभारंभ किया और विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का निरीक्षण कर योजनाओं की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने छात्रों को लैपटॉप, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र तथा विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को टूलकिट वितरित की। टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत ग्राम पंचायतों को स्वर्ण, रजत और कांस्य सम्मान दिए गए तथा 7 विद्यालयों को निपुण सम्मान प्रदान किया गया। राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति के तहत चयनित 19 विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र दिए गए। साथ ही बाढ़ को देखते हुए 75 नाविकों को लाइफ जैकेट वितरित की गई। कार्यक्रम में सरकार की उपलब्धियों पर आधारित लघु फिल्म दिखाई गई तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ, जिसमें छात्राओं और कलाकारों ने प्रस्तुति दी। अपने संबोधन में प्रभारी मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में कानून व्यवस्था मजबूत हुई है, निवेश बढ़ा है और उत्तर प्रदेश देश की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश ह्लउत्तम प्रदेशह्व बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

# डिजिटल व वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम आयोजित



शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर। महिंद्रा एंड महिंद्रा फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड एवं एनआईआईटी फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को शोहरतगढ़ के एक मैरेज हॉल में गिग वर्कर्स के लिए डिजिटल एवं वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि रवि अग्रवाल ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलन के साथ की।मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि एवं समाजसेवी रवि अग्रवाल ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की पहल से विशेषकर मेहनतकश वर्ग डिजिटल और आर्थिक रूप से सशक्त बन सकेगा।उन्होंने प्रतिभागियों से ऐसे कार्यक्रमों का अधिकतम लाभ उठाने की अपील की।कार्यक्रम में एनआईआईटी फाउंडेशन के प्रोग्राम मैनेजर कुलदीप कुमार ने डिजिटल और वित्तीय साक्षरता के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बचत की आदत, निवेश के माध्यम से धन वृद्धि, वित्तीय योजना, ऋण व बीमा की समझ, डिजिटल भुगतान और साइबर सुरक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला।


## उत्तर रेलवे

### खुली निविदा सूचना (ई–निविदा)

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक **16.04.2026** को **15:00** बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुअल ऑफर स्वीकार नहीं किये जायेगें यदि कोई मैनुअल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जाएगा।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | निविदा सूचना संख्या | 00272026 दिनांक 21.03.2026 | | | |
| 2. | निविदा संख्या | 1. | 34-SrDEN-V-LKO-2025-26 | 2. | 35-SrDEN-V-LKO-2025-26 |
| | | 3. | 36-SrDEN-V-LKO-2025-26 | 4. | 37-SrDEN-V-LKO-2025-26 |
| 3. | कार्य का नाम | 1. | Sr.DEN&V/LKO के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत, ADEN/AYC के अधीन SSE/W/AYC के AYC में यार्ड ड्रेन का निर्माण कार्य एवं ABP.SLW सेक्शन में शेष कार्य। | | |
| | | 2. | Sr.DEN-V/LKO के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न पुलों पर स्टील चैनल स्लीपरों के स्थान पर H-Beam स्लीपरों को लगाना। (प्रा.सं. 18–2025 & 39–2026) | | |
| | | 3. | Sr.DEN-V/LKO के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत ADEN-AYC के अधीन, SSE-W-AYC सेक्शन में (AY और AYC को छोड़कर) ABP (Ex.) से DYD स्टेशन तक स्टेशन भवन की मरम्मत का कार्य। (प्रा.सं. 38–2026) | | |
| | | 4. | Sr.DEN-V/LKO के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत ADEN/AYC खंड में पुल का विविध मरम्मत कार्य। (प्रा.सं. 37–2026) | | |
| 4. | अनुमानित लागत | 1. | Rs. 3,28,81,100.85 | 2. | Rs. 2,61,50,224.36 |
| | | 3. | Rs. 1,99,91,966.96 | 4. | Rs. 49,99,248.13 |
| 5. | धरोहर राशि | 1. | Rs. 6,57,700.00 | 2. | Rs. 5,23,000.00 |
| | | 3. | Rs. 3,99,900.00 | 4. | Rs. 1,00,000.00 |
| 6. | कार्य की समापन अवधि | 1 एवं 2 के लिए | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 12 माह। | | |
| | | 3 एवं 4 के लिए | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 06 माह। | | |
| 7. | निविदा डालने का प्रारंभ | 02.04.2026 | | | |
| 8. | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 16.04.2026 at 15:00 hrs | | | |
| 9. | वेबसाईट | www.ireps.gov.in | | | |

नोटः– निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 977/26

संक्षेप

## पुरानी रंजिश में महिला समेत तीन पर हमला, केस दर्ज

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। कोतवाली क्षेत्र के भुडवारा गांव में पुरानी रंजिश के चलते एक ही परिवार के तीन लोगों पर हमले का मामला सामने आया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम भुडवारा निवासी स्नेहलता पत्नी प्रदीप कुमार के अनुसार 19 मार्च की रात करीब 9.30 बजे उनके देवर सरोज कुमार मंदिर की ओर गए थे। इसी दौरान पुरानी रंजिश के चलते स्वामी दयाल पुत्र रामनरेश, दिनेश पुत्र रामनरेश, मायाराम पुत्र बृजलाल व राकेश कुमार पुत्र राजाराम ने उन्हें पकड़कर अपने घर के अंदर खींच लिया। सूचना मिलने पर स्नेहलता, उनके पति प्रदीप कुमार और सास श्यामपती सरोज को छुड़ाने मौके पर पहुंचे, जहां आरोपियों ने तीनों को घेरकर लाठी-डंडों से मारपीट शुरू कर दी। हमले में तीनों बेहोश होकर गिर पड़े। शोर सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों को देखकर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। परिजनों ने तत्काल एंबुलेंस की मदद से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला पहुंचाया, जहां हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पीड़िता के अनुसार उनके पति और उनकी हालत गंभीर बनी हुई है, जबकि उनकी सास अभी भी अस्पताल में भर्ती हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## खेतों पर लगे तीन किसानों के मोटर चोरी

मोहम्मदी खीरी। क्षेत्र में पुलिस चोरों को गिरफ्तार करने मे लगी थी चोरों ने चुनौती देते हुए गांव परछिया के तीन किसानों के ट्यूबवेल पर लगे कीमती मोटर चोरी कर ले गए किसानों ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। गांव परछिया निवासी किसान अखिलेश, जफीक और खेमकरन के खेत पर 7 फीट गहरे गड्ढे में बोरिंग पर बिजली का मोटर लगा था जिसे चालू कर किसान सोमवार की शाम घर चले आए थे मंगलवार को सुबह खेत पर पहुंचे तो बोरिंग से मोटर चोरी हो चुके थे एक साथ तीन किसानों के मोटर खुल जाने से लोग दहशत में आ गए मोटरों की तलाश करने पर जानकारी नहीं हुई किसानों ने पुलिस को मोटर चोरी की घटना की शिकायत देकर कार्यवाही की मांग की है।

## मां दुर्गा की भव्य शोभायात्रा निकलेगी 30 मार्च को

सीतापुर। हरगांव कस्बे के जोशीटोला में मां दुर्गा की 35वीं विशाल शोभायात्रा 30 मार्च को धूमधाम से निकाली जाएगी। शोभायात्रा शिव मंदिर महादेवन, शिवनगर जोशी टोला से दोपहर लगभग दो बजे प्रारंभ होगी। आयोजन के तहत 30 मार्च से तीन दिवसीय रामलीला और रासलीला का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें अयोध्या के कलाकार अपनी आकर्षक प्रस्तुतियां देंगे। कार्यक्रम संयोजक सुनील कुमार जोशी ने बताया कि सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। उन्होंने बताया कि 29 मार्च को विशाल कन्या भोज का आयोजन होगा, जबकि मूर्ति विसर्जन 3 अप्रैल को नैमिषारण्य में किया जाएगा। आयोजन समिति द्वारा श्रद्धालुओं से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की गई है।

# टीबी मुक्त भारत अभियान का शुभारंभ



सीतापुर। विश्व क्षय रोग दिवस के अवसर पर खैराबाद स्थित भूमिजा हॉल में आयोजित भव्य कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के नगर विकास राज्य मंत्री राकेश राठौर ने जनपद की टीबी मुक्त घोषित ग्राम पंचायतों के प्रधानों को सम्मानित किया।

कार्यक्रम राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित हुआ। इस अवसर पर वर्ष 2025 में चयनित 124 टीबी मुक्त ग्राम पंचायतों में से 115 को कांस्य, 8 को रजत और 1 ग्राम पंचायत को स्वर्ण श्रेणी में सम्मानित किया गया। सम्मान स्वरूप गांधी जी की प्रतिमा एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि निर्धारित मानकोंकृजैसे 1000 की आबादी पर टीबी मरीजों की न्यूनतम संख्याकृके आधार पर पंचायतों का चयन किया जाता है। राज्यमंत्री राकेश राठौर ने अपने संबोधन में कहा कि टीबी मुक्त भारत अभियान प्रधानमंत्री की प्रेरणा से चलाया जा रहा एक महत्वपूर्ण मिशन है, जिसमें जनप्रतिनिधियों की भूमिका बेहद अहम है। उन्होंने ग्राम प्रधानों से अपील की कि वे अपने गांवों को आगे भी टीबी मुक्त बनाए रखने और अन्य गांवों को प्रेरित करने का कार्य जारी रखें।कार्यक्रम के दूसरे चरण में राज्यमंत्री द्वारा 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अभियान के तहत उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों में विशेष स्क्रीनिंग, एक्स-रे जांच और जागरूकता अभियान चलाए जाएंगे। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. मनोज कुमार देशमणि ने बताया कि जनपद में उपलब्ध एक्स-रे मशीनों, ट्रू-नॉटध्सीबी-नॉट मशीनों एवं मोबाइल वैन के माध्यम से अभियान को गति दी जाएगी। कार्यक्रम में रेडक्रॉस सोसाइटी एवं सीतापुर शिक्षा संस्थान द्वारा टीबी मरीजों को पोषण पोटली वितरित की गई। अंत में मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने मोबाइल वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

# अवैध प्लाटिंग पर चला बुलडोजर

सीतापुर। नैमिषारण्य थाना क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग के खिलाफ मंगलवार दोपहर तहसील प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए बुलडोजर चलाकर निर्माण ध्वस्त कर दिया। ठाकुर नगर इलाके में बिना मानक और बिना स्वीकृत नक्शा-लेआउट के विकसित की जा रही प्लाटिंग को पूरी तरह खत्म कर दिया गया। यह कार्रवाई तहसील मिश्रिख के तहसीलदार अजीत जायसवाल के नेतृत्व में की गई। जानकारी के अनुसार, पिछले कई दिनों से राजस्व विभाग को शिकायतें मिल रही थीं कि नैमिषारण्य क्षेत्र में नियमों को ताक पर रखकर जमीन की अवैध प्लाटिंग कर बिक्री की जा रही है। मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन की टीम मंगलवार को पुलिस बल और बुलडोजर के साथ



मौके पर पहुंची और जांच के बाद कार्रवाई शुरू की। प्रशासन ने करीब 5 बीघा जमीन पर विकसित की जा रही अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त कर दिया। मौके पर बनाई गई सड़कों, सीमांकन और अन्य निर्माण को भी हटाया गया। इस दौरान प्लाटिंग से जुड़े लोगों को सख्त चेतावनी दी गई कि बिना नक्शा और ले आउट पास कराए भूमि की खरीद-फरोख्त न करें, अन्यथा कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। तहसीलदार अजीत जायसवाल ने बताया कि शासन के निर्देशों के अनुसार अवैध प्लाटिंग के खिलाफ अभियान लगातार जारी है और नियमों का उल्लंघन किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आगे भी ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई होती रहेगी। कार्रवाई के दौरान नायब तहसीलदार अजय कुमार, लेखपाल सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान क्षेत्र में काफी हलचल रही और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौके पर एकत्र हो गए। प्रशासन की इस कार्रवाई से अवैध प्लाटिंग करने वालों में हड़कंप मच गया है।

# सर्वाइकल कैंसर के खिलाफ अभियान तेज, एचपीवी टीकाकरण शुरू

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के तहत एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं और किशोरियों



को सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित करना है। कार्यक्रम का उद्घाटन भाजपा नेता धर्मेंद्र गिरी मोन्टी ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि सर्वाइकल कैंसर महिलाओं में होने वाली एक गंभीर बीमारी है, जिससे बचाव के लिए टीकाकरण बेहद जरूरी है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे इस अभियान का लाभ उठाएं और अपने परिवार की महिलाओं को समय पर टीका लगवाएं। सीएचसी अधीक्षक डॉ. गणेश कुमार ने बताया कि यह टीका किशोरियों और महिलाओं के लिए बेहद लाभकारी है और इससे भविष्य में सर्वाइकल कैंसर के खतरे को काफी हद तक कम किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की टीमें क्षेत्र में जाकर भी लोगों को जागरूक करेंगी और अधिक से अधिक लोगों तक इस योजना का लाभ पहुंचाया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि टीकाकरण पूरी तरह सुरक्षित है और सरकार द्वारा निशुल्क उपलब्ध कराया जा रहा है। अभियान के सफल संचालन के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीम पूरी तरह सक्रिय है और नियमित रूप से मॉनिटरिंग की जा रही है। इस अवसर पर बृजेंद्र गिरि, अजीत पांडे, सचिन सिंह, डॉ. अजय वर्मा, रुपेश, प्रदीप सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## चोरी की सोलर प्लेट बरामद 6 आरोपी गिरफ्तार

मोहम्मदी खीरी। क्षेत्र में लंबे समय से गैंग द्वारा सोलर प्लेट चोरी कर बिक्री किए जा रही थी पुलिस ने गैंग का खुलासा करते हुए 6 आरोपियों को 8 लाख की कीमतों की सोलर प्लेट और नकदी बरामद करने कर आरोपियों को कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। सीओ अरुण कुमार सिंह ने बताया क्षेत्र में सोलर प्लेट चोरी की कई वारदातें नहीं जिसमें मुकदमा पंजीकृत किया गया था विवेचना के दौरान सर्विलांस और मुखबिर की सटीक जानकारी पर निरीक्षक उमेश चौरसिया की टीम कस्बा चौकी इंचार्ज अभिषेक सिंह, एस आई जान मोहम्मद आरक्षी शिवम राणा, नितिन , प्रियंका, सुधीर, प्रदीप और सुनील की टीम ने सूचना पर मंगलवार की सुबह 2:00 बजे करीब मोहम्मदी शाहजहांपुर हाईवे किनारे शंकरपुर चौराहे के पास से चोरी के माल को बेचने की फिराक में जाते समय कस्बा की मोहल्ला बबौरी निवासी गैंग सदस्य अभिषेक वर्मा, राहुल वर्मा, गौतम वर्मा, प्रखर वर्मा, सुरजीत और मोहित को 45 सोलर प्लेट और 4300 नकदी के साथ दबोच कर कोर्ट में पेश किया जहां से जेल भेजा गया है। सीओ ने खुलासा करने वाली टीम को नगद पुरस्कार देकर उत्साहित किया है।

## चोरी की बाइक के साथ दो गिरफ्तार

लखीमपुर खीरी। थाना कोतवाली सदर पुलिस द्वारा दो अभियुक्त को चोरी की मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया। मंगलवार को थाना कोतवाली सदर पुलिस द्वारा चैकिग के दौरान दो 1.कलामुद्दीन पुत्र अब्दुल समद निवासी ग्राम धोबहा बाजा थाना कोतवाली सदर जनपद खीरी 2.सहबाज पुत्र रहीस निवासी ग्राम दिनपुरवा महेंवागंज थाना कोतवाली सदर जिला खीरी को गिरफ्तार कर लिया। चोरी की मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उ0नि0 धनंजय शुक्ला, का0 मनीष कुमार कोत0 सदर, का0 राज पाण्डेय कोत0 सहित आदि शामिल रहे।

## घायल नंदी को मिला नया जीवन

सीतापुर। गोंदलामऊ क्षेत्र के बरगदिया गांव के पास सिधौली मिश्रिख मार्ग पर पिछले लंबे समय से घायल अवस्था में भटक रहे एक नंदी को आखिरकार नया जीवन मिल गया। यह मामला जहां समाज की उदासीनता को उजागर करता है, वहीं कुछ लोगों की संवेदनशील पहल ने मानवता की मिसाल भी पेश की है। बताया जाता है कि नंदी के पिछले पैर में गंभीर घाव हो गया था, जो समय के साथ बेहद खतरनाक रूप ले चुका था। दर्द के कारण वह ठीक से चल भी नहीं पा रहा था, लेकिन लंबे समय तक किसी ने उसकी सुध नहीं ली। स्थानीय लोगों के अनुसार, खेतों में लगे तेज तारों में फंसने से यह हालत हुई थी। इसी बीच स्वदेशी गोविज्ञान अनुसंधान केंद्र एवं कामधेनु फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष मदन पाल सिंह अर्कवंशी की नजर नंदी पर पड़ी। उन्होंने तुरंत पशु चिकित्सा विभाग से संपर्क कर मदद जुटाई। पशु चिकित्साधिकारी डॉ. आलोक शुक्ला के नेतृत्व में टीम मौके पर पहुंची और नंदी को सुरक्षित रेस्क्यू किया गया। कड़ी मशक्कत के बाद नंदी को तेरवा स्थित अनुसंधान केंद्र लाया गया, जहां उसका उपचार शुरू किया गया है।

# रक्तदान शिविर में 42 यूनिट रक्त संग्रह



पिपरिया धनी, खीरी। वीओएल। सरदार रेशम सिंह पब्लिक वेलफेयर सोसाइटी के तत्वावधान में केजीएमयू लखनऊ के सहयोग से सरदार जी पैलेस में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ सीओ मोहम्मदी अरुण कुमार सिंह ने फीता काटकर किया। इस दौरान उन्होंने स्वयं रक्तदान कर लोगों को प्रेरित किया। शिविर में क्षेत्र के युवाओं और समाजसेवियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कुल 50 लोगों ने पंजीकरण कराया, जिनमें से जांच के दौरान 8 सैंपल अस्वीकृत होने पर 42 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। संकलित रक्त को केजीएमयू लखनऊ की टीम को सौंप दिया गया। रक्तदान करने वालों में अमरजीत सिंह, नरविदुर सिंह, पलविंदर सिंह, रामकुमार कश्यप, शिवम्राठौर, सरनजीत सिंह उर्फ सनी, राजेश सिंह यादव और नितिन वर्मा सहित कई लोग शामिल रहे। इस अवसर पर ग्राम प्रधान ग्रंट साहबगंज सुदेश कुमार, अजय कुमार अग्निहोत्री, ज्योति सिंह, नवनीत कुमार समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का शुभारंभ

पलियाकलां खीरी। बजाज हिंदुस्थान शुगर लिमिटेड चीनी मिल पलिया द्वारा निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें सीतापुर आंख अस्पताल से आए डॉ आयुशी चीनी मिल के डॉक्टर मयंक गुप्ता एवं टीम द्वारा मरीजों का निःशुल्क नेत्र परीक्षण कर दवाए वितरित की गई।

नेत्र परीक्षण शिविर का उद्घाटन यूनिट हेड ओ पी चौहान ने फीता काटकर किया।इस अवसर पर सीतापुर आंख अस्पताल से आए डॉक्टर आयुशी सहित डॉक्टरों की टीम ने मरीजों का नेत्र परीक्षण किया तथा उन्हें आवश्यक निःशुल्क दवाएं वितरित की गई ,क्षेत्रीय किसानो ,महिलाओं कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों का भी शिविर में जांच किया गया ।स्वास्थ्य के प्रति सजग रहते हुए चीनी मिल द्वारा समय-समय पर शिविर का आयोजन किया जाता है आज आयोजित नेत्र



चिकित्सा शिविर में लगभग 213 किसान भाइयों एवं चीनी मिल के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं महिलाओं ने अपने नेत्र परीक्षण करवाया, सीतापुर से डाक्टरो की टीम ने 8 मरीजों को मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया है जिन्हें ऑपरेशन के लिए सीतापुर आँख अस्पताल ले जाया जाएगा । युनिट हेड ओ पी चौहान ने सीतापुर से आये डॉक्टरों की टीम एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया तथा उन्होंने सभी क्षेत्र वासियों को आश्वस्त किया कि समय-समय पर बजाज हिंदुस्थान शुगर लिमिटेड पलिया द्वारा इस तरह का आयोजन किया जाता रहेगा। इस मौके पर आसवनी के युनिट हेड उदय प्रताप सिंह, चीनी मिल के महाप्रबंधक इंजीनियरिंग विकास मलिक, महाप्रबंधक गन्ना राजीव तोमर, आई टी हेड यूं के पांडेय, मनोज मिश्र, सतीश श्रीवास्तव, तनवीर अहमद, वैभव सिंह सहित काफी संख्या में अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# दुधवा में हुआ एक और गैण्डा अवमुक्त

पलियाकलां खीरी। दुधवा टाइगर रिजर्व प्रभाग, पलिया-खीरी के अंतर्गत गैण्डा स्वच्छंद विचरण हेतु तीसरे चरण



के अवमुक्त अभियान के तीसरे दिन के प्रथम प्रहर में थोड़ी मशक्कत के बाद आखिरकार ट्रेंकुलाइज हुआ इस चरण का चौथा गैण्डा। इसी के साथ स्वच्छंद विचरण करने के इस चरण के अभियान को दिया गया अल्पविराम। आज एक बार फिर महावत एवं चाराकटरों द्वारा प्रातः पूर्व चिन्हित मादा गैण्डा की खोज प्रारंभ की गई। आज कल की अपेक्षा गैण्डा थोड़ा विलंब से पता लग पाया।

गैण्डा का पता लगता ही सभी टीमों द्वारा पहुँचकर गैण्डे को ट्रेंकुलाइज किया गया। तदुपरांत उसे सुरक्षित रुप से विशेषज्ञों एवं उच्चाधिकारियों की उपस्थिति में अवमुक्त कर दिया गया। कल नर गैण्डा - हर्ष, मादा गैण्डा - सुषमा एवं मादा गैण्डा - राशी को अवमुक्त किया गया था वहीं आज (दीपा का प्रथम बच्चा) मादा गैण्डा को स्वच्छंद विचरण हेतु अवमुक्त किया गया। आज का भी पूरा कार्यक्रम डॉ0 एच0 राजामोहन, मुख्य वन संरक्षक एवं फील्ड निदेशक, दुधवा टाइगर रिजर्व, लखीमपुर-खीरी के निर्देशन में जगदीश आर0 उपनिदेशक, दुधवा टाइगर रिजर्व प्रभाग, पलिया-खीरी की उपस्थिति में संपादित हुआ। इसमें पद्मश्री एवं विशेषज्ञ डॉ0 के0के0 षर्मा, प्रो0 एवं हेड डिपार्टमेंट आफ सर्जरी एवं रेडियोलाजी, कालेज आफ वेटनरी साइंस, गुआहाटी असम, श्री अमित षर्मा, लीड कंजर्वेषन डब्ल्यूडब्ल्यूएफ इंडिया, डॉ0 जी0 अरिंद्रन, डायरेक्टर, आईजीसीएमसी, डब्ल्यूडब्ल्यूएफ इंडिया, नई दिल्ली, डॉ0 मुदित गुप्ता, विष्व प्रकृति निधि तराई आर्कलैण्ड, मनीष सिंह, प्रभागीय वनाधिकारी, पीलीभीत टाइगर रिजर्व, पीलीभीत, महावीर सिंह, वन्य जीव प्रतिपालक, दुधवा, दीपक कुमारपाण्डेय, उप प्रभागीय वनाधिकारी बेलरायां, डॉ0 मो0 तलहा, पषु चिकित्सक, दुधवा टाइगर रिजर्व प्रभाग, पलिया-खीरी, डॉ0 दयाषंकर, पषु चिकित्सक, दुधवा टाइगर रिजर्व (बफर जोन), लखीमपुर-खीरी, डॉ0 दीपक वर्मा, पशु चिकित्सक, कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग, बहराइच, योगेष पषु चिकित्सक, गोरखपुर चिड़ियाघर, रमेश कुमार, प्रधान लिपिक एवं षिविर प्रभारी, रोहित रवि, सीनियर प्रोजेक्ट आफिसर, विष्व प्रकृति निधि, संदीप फार्मासिस्ट, सुशांत सिंह, भण्डार प्रभारी, सुरेन्द्र कुमार, उप क्षेत्रीय वन अधिकारी, श्री विपिन कपूर सैनी, आउटरीच प्रोग्राम इंचार्ज, श्री अपूर्व गुप्ता, बायोलाजिस्ट, स्वास्थ्य टीम, प्राथमिक चिकित्सा केन्द्र पलिया, दुधवा टाइगर कंजर्वेशन टीम, बायोलाजिस्ट, क्षेत्रीय वन अधिकारी, दक्षिण सोनारीपुर, दुधवा, बेलरायां, महावत, चाराकटर, व अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# फर्जी टीईटी प्रमाणपत्र पर नौकरी पाने वाले दो शिक्षक बर्खास्त

सकरन /सीतापुर। क्षेत्र में फर्जी टीईटी प्रमाणपत्र के आधार पर सहायक अध्यापक की नौकरी पाने वाले दो शिक्षकों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई है। विभागीय जांच में दोषी पाए जाने के बाद दोनों को पहले निलंबित किया गया और बाद में सेवा से बर्खास्त कर दिया गया। अब खंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) की तहरीर पर दोनों के खिलाफ सकरन थाने में एफआईआर भी दर्ज कर ली गई है। जानकारी के अनुसार, जनपद हाथरस के करसोरा गांव निवासी नरेंद्र सिंह तोमर प्राथमिक विद्यालय जिजौली में तथा बिसावर गांव निवासी मुकेश कुमार प्राथमिक विद्यालय अरुवा में वर्ष 2024 से सहायक अध्यापक के पद पर तैनात थे। काउंसलिंग के दौरान प्रस्तुत किए गए अंकपत्रों का सत्यापन परीक्षा नियामक प्राधिकारी प्रयागराज से कराया गया, जिसमें दोनों के टीईटी प्रमाणपत्र फर्जी पाए गए। जांच रिपोर्ट के आधार पर विभाग ने दोनों शिक्षकों को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा, लेकिन निर्धारित समय में वे कोई संतोषजनक जवाब या साक्ष्य प्रस्तुत नहीं कर सके। इसके बाद विभाग ने उन्हें निलंबित करते हुए सेवा से बर्खास्त कर दिया। बीएसए के निर्देश पर खंड शिक्षा अधिकारी सकरन ओमकार सिंह ने रविवार को सकरन थाने में तहरीर दी, जिसके आधार पर पुलिस ने मुकेश कुमार तथा नरेंद्र सिंह तोमर के खिलाफ मुकदमा कायम किया गया है। थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। वहीं बीईओ ओमकार सिंह ने कहा कि बर्खास्त किए गए दोनों शिक्षकों के खिलाफ नियमानुसार कानूनी कार्रवाई कराई गई है।


## कार्यालय नगर पंचायत ऊगू, जनपद-उन्नाव

website :- www.upoonp.in
E-mail :- nppugu@gmail.com

पत्रांकः-694/ई-निविदा सू./न.पं.ऊगू/2025-26
दिनांकः- 24 मार्च 2026

**ई-निविदा सूचना**

समस्त ठेकेदारों/फर्मो को सूचित किया जाता है कि जिलाधिकारी महोदय के आदेश संख्या :-5028/21-एल.बी.सी./2026 दिनांक 06 मार्च 2026 के द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 मे 15 वॉ वित्त आयोग की संस्तुतियों के अन्तर्गत बुनियादी अनुदान की द्वितीय किस्त की प्राप्त धनराशि से नगर पंचायत ऊगू, उन्नाव मे कराये जाने वाले निर्माण कार्य हेतु ई-निविदा प्रतिशत दर पर आमन्त्रित की जाती है। निविदादाता एक या एक से अधिक कार्यो हेतु निविदा डाल सकता है।

**:- निविदा अपलोड एवं तकनीकी वित्तीय बिड खोलने का विवरणः-**

| | | |
|---|---|---|
| (a) | ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से निविदा प्रकाशन की तिथि | 25/03/2026 |
| (b) | वेबसाइट पर आनलाइन निविदा डाउनलोड की तिथि | 25/03/2026 प्रातः 09:00 बजे से |
| (c) | ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से निविदा डालने की अन्तिम तिथि व समय | 15/04/2026 अपरान्ह 01:00 बजे |
| (d) | ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से तकनीकी निविदा खोलने की तिथि व समय | 15/04/2026 अपरान्ह 02:00 बजे |
| (e) | ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से वित्तीय निविदा खोलने की तिथि व समय | तकनीकी निविदा खोलने के उपरान्त |
| (f) | ई-निविदा खोलने का स्थान | कार्यालय नगर पंचायत ऊगू, उन्नाव |

**नोटः-** निविदा से सम्बन्धित विस्तृत विवरण/नियम व शर्ते www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध है अथवा किसी भी कार्य दिवस मे कार्यावधि तक कार्यालय नगर पंचायत ऊगू, उन्नाव से सम्पर्क करते हुए प्राप्त कर सकते है।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत ऊगू**
**उन्नाव**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत ऊगू**
**उन्नाव**


# यूथ पार्लियामेंट में गूंजे लोकतंत्र के स्वर

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। केन ग्रोअर्स नेहरू पी.जी. कॉलेज में विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट-2026




का भव्य आयोजन नेहरू सभागार में किया गया। आपातकाल के 50 वर्षः भारतीय लोकतंत्र के लिए सबक विषय पर आयोजित इस कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने लोकतंत्र, संविधान और संसदीय व्यवस्था पर अपने विचार प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किए।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अनिल कुमार सिंह ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया। सरस्वती वंदना मानसी व साक्षी द्वारा प्रस्तुत की गई। प्राचार्य प्रो. पंकज सिंह ने अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ, शॉल एवं स्मृति चिन्ह देकर किया। युवा संसद के दौरान प्रतिभागियों ने पक्ष-विपक्ष की भूमिका निभाते हुए संसद की कार्यवाही का जीवंत मंचन किया। तर्क-वितर्क, सवाल-जवाब और अनुशासित प्रस्तुति ने पूरे सभागार को लोकतांत्रिक माहौल में बदल दिया। प्रतियोगिता में यश चैहान ने प्रथम, सिमरन कनौजिया ने द्वितीय, शिखरपुरी ने तृतीय, सवितार गोस्वामी ने चतुर्थ और शिव शंकर ने पंचम स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मंडल में अनिल कुमार सिंह, विजय प्रताप सिंह, प्रो. परमेश्वर पांडेय, प्रो. पी.सी. गुप्ता एवं प्रो. विवेक कुमार सिंह शामिल रहे। युवा कार्यक्रम विभाग के अधिकारी राजेश तिवारी ने प्रतिभागियों को युवा संसद के नियमों, प्रक्रिया और महत्व से अवगत कराया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का भी समापन किया गया।

शिविर में प्रतिभाग कर रहे स्वयंसेवकों एवं स्वयंसेविकाओं ने अपने अनुभव साझा करते हुए राष्ट्र सेवा के प्रति समर्पण का संकल्प लिया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आदर्श पटेल एवं डॉ. अमित कुमार यादव के निर्देशन में आयोजित इस शिविर में युवाओं ने सामाजिक कार्यों, स्वच्छता अभियान, जागरूकता कार्यक्रमों और श्रमदान के माध्यम से अपनी सक्रिय भागीदारी निभाई। प्राचार्य प्रो. पंकज सिंह ने युवाओं को यूथ पार्लियामेंट जैसे मंचों पर अधिक से अधिक भाग लेने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि इससे नेतृत्व क्षमता और लोकतांत्रिक समझ विकसित होती है। कार्यक्रम का संचालन डॉ. रीमा छाबड़ा ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन डॉ. गौरव अवस्थी ने प्रस्तुत किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी, नगर के गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# संपूर्णता अभियान 2.0 की समीक्षा बैठक, धीमी प्रगति पर डीएम सख्त



सीतापुर। संपूर्णता अभियान 2.0 के अंतर्गत आकांक्षात्मक विकास खंड बिसवां में निर्धारित इंडिकेटर्स की प्रगति की समीक्षा हेतु विकास भवन सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने की, जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में कुल 40 इंडिकेटर्स की प्रगति की विभागवार समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने लक्ष्य के सापेक्ष उपलब्धियों का गहन विश्लेषण करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन इंडिकेटर्स में प्रगति धीमी है, उनमें तत्काल सुधारात्मक कदम उठाए जाएं और तय समयसीमा में संतृप्ति सुनिश्चित की जाए। स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, कृषि, पेयजल, स्वच्छता और सामाजिक सुरक्षा से जुड़े बिंदुओं पर विशेष जोर देते हुए डीएम ने कहा कि योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन फील्ड स्तर पर दिखना चाहिए। उन्होंने टीकाकरण, कुपोषण निवारण, स्कूलों में नामांकन व उपस्थिति, जलापूर्ति की नियमितता और शौचालयों के उपयोग को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान कुछ विभागों में डेटा फीडिंग में लापरवाही सामने आने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी विभाग अपने पोर्टल पर शत-प्रतिशत और सही डेटा अपलोड करें, अन्यथा संबंधित अधिकारियों पर कार्रवाई की जाएगी।

संक्षेप

## सड़क हादसे में दो युवकों की मौत

आजमगढ़। बिलरियागंज थाना क्षेत्र में सोमवार की देर शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा जैगहां से बिंदवल जयराजपुर मार्ग पर हरिपुर प्राथमिक विद्यालय के पास हुआ, जहां तेज रफ्तार अर्टिगा कार और पल्सर बाइक की आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार दोनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए और मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग जुट गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलरियागंज पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतकों की पहचान सत्यम (18) पुत्र शिवधर और सूरज (19) पुत्र ज्ञान प्रकाश, निवासी जगमलपुर थाना बिलरियागंज के रूप में हुई है। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। वहीं हादसे के बाद फरार अर्टिगा कार और उसके चालक की तलाश जारी है। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार किया जाएगा।

## विद्यालय में मनाया गया वार्षिकोत्सव

डूमडगंज, मीरजापुर। क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय डूमडगंज में मंगलवार को धूमधाम से वार्षिकोत्सव मनाया गया। मुख्य अतिथि इंद्रदेव द्विवेदी ने कहा कि विद्यालय का वार्षिकोत्सव विद्यार्थियों के लिए महत्वपूर्ण कार्यक्रम होता है। इस दौरान बच्चों ने सरस्वती वंदना, देशभक्ति गीत व भक्ति गीतों पर नृत्य प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया। कक्षा सात की छात्रा परी केशरी व सनी, कक्षा दो के छात्र प्रथम शर्मा आदि ने देश भक्ति गीत पर सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया। बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र, छात्राओं को मुख्य अतिथि व प्रधानाध्यापक ने पुरस्कृत किया।

## विश्व क्षय रोग दिवस पर जागरूकता सत्र आयोजित

मीरजापुर। विश्व क्षय रोग दिवस के अवसर पर टीबी का इलाज संभव है, बस समय पर जांच और पूरा इलाज जरूरी है संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से चुनार स्थित एक शिक्षण संस्थान में टीबी जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में टीबी के प्रति आम जनमानस के बीच जागरूकता बढ़ाना तथा संभावित टीबी मरीज को समय पर जांच एवं पूर्ण उपचार के महत्व को समझाना रहा। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में आए सतीश शंकर यादव जिला समन्वयक, टीबी विभाग ने कहा कि 24 मार्च 1882 में जर्मनी के राबर्ट कांख नामक वैज्ञानिक द्वारा टीबी के वैक्टिरिया का खोज किया गया था? जिनके याद में लोगों को टीबी के जागरूकता में सहयोग हेतु हर वर्ष उक्त आयोजन किया जाता है। उन्होंने उपस्थित सभी जनों को टीबी के संपूर्ण लक्षणों एवं सरकारी स्तर से प्रदान की जा रही सभी निःशुल्क सुविधाओं को विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए अनुरोध किया कि आप सभी भी अपने स्तर से देश हित में समाज में लोगों को टीबी के प्रति जागरूक करते हुए मरीजों के सहयोग में आगे आने का सराहनीय प्रयास करें।

# गाइडलाइन के तहत एसआईआर प्रक्रिया संपन्न होगी



आजमगढ़। विशेष रोल प्रेक्षक/संयुक्त सचिव, भारत सरकार सिद्धार्थ जैन की अध्यक्षता मे अर्हता तिथि 01.01.2026 के आधार पर चल रहे विधान सभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 के दृष्टिगत मण्डल के तीनों जनपद के जनप्रतिनिधियों/पॉलिटिकल पार्टी के पदाधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गयी।

उक्त बैठक में रोल प्रेक्षक महोदय द्वारा आजमगढ मण्डल के समस्त उप जिला निर्वाचन अधिकारियों से फार्म-6, 7 एवं 8 पर प्राप्त दावें एवं आपत्तियों के निस्तारण, नो मैपिंग एवं लॉजिकल डिस्क्रिपेन्सी श्रेणी के मतदाताओं को जारी नोटिसों की सुनवाई तथा आयोग द्वारा विकसित एनजीएसपी पोर्टल पर प्राप्त हुए शिकायतों के सम्बन्ध में विस्तार से चर्चा की गयी। उसके उपरान्त विशेष रोल प्रेक्षक महोदय द्वारा राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के शिकायत एवं सुझावों को संज्ञान में लिया। विशेष रोल प्रेक्षक ने कहा कि एसआईआर से संबंधित जन प्रतिनिधियों द्वारा दिये गये सुझावों/शिकायतों को गम्भीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारी गुणवत्तायुक्त निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। उन्होने निर्देश दिया कि जन प्रतिनिधियों को सभी विधान सभाओं के बूथों की अद्यतन सूची अविलम्ब उपलब्ध कराया जाए। उन्होने जन प्रतिनिधियों से कहा कि आने वाले दिनों में यदि किसी भी प्रकार की शिकायत/समस्या आती है तो जिलाधिकारी अथवा हमारे सम्पर्क नम्बर पर सूचना उपलब्ध करा सकते हैं, जिससे कि निर्वाचन आयोग को अवगत कराया जा सके। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी रविन्द्र कुमार ने विशेष रोल प्रेक्षक को आवश्स्त करते हुए कहा कि दिये गये निदेर्शों को अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा एवं जन प्रतिनिधियों द्वारा की गयी शिकायतों/सुझावों को गम्भीरता से लेकर उस पर कार्यवाही की जायेगी। बैठक में मण्डल के तीनों जनपदों के उप जिला निर्वाचन अधिकारियों द्वारा एसआईआर के दौरान की गयी कार्यवाही के सम्बन्ध में विस्तार से बताया। इस अवसर पर विधायक दुर्गा प्रसाद यादव, अखिलेश यादव, डॉ संग्राम यादव सहित समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि आदि उपस्थित रहे।

## जीआरपी थाना प्रभारी सहित चार सम्मानित



आजमगढ़। जनपद आजमगढ़ में जीआरपी थाना के प्रभारी निरीक्षक नासिर हुसैन सहित चार पुलिसकर्मियों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। यह सम्मान रेलवे क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने, यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा कई चोरी की घटनाओं का सफल अनावरण करने के लिए प्रदान किया गया।

बताया गया कि रेलवे पुलिस अधीक्षक गोरखपुर लक्ष्मी निवास मिश्र ने पुलिसकर्मियों के सराहनीय कार्यों की प्रशंसा करते हुए उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जीआरपी के जवानों ने अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी ईमानदारी, लगन और कर्तव्यनिष्ठा के साथ किया है, जो अन्य पुलिसकर्मियों के लिए प्रेरणादायक है। सम्मानित होने वालों में जीआरपी थाना आजमगढ़ के प्रभारी निरीक्षक नासिर हुसैन, हेड कांस्टेबल राणा प्रताप, हेड कांस्टेबल नवीन यादव तथा कांस्टेबल दीपक यादव शामिल हैं। इन सभी ने रेलवे क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने, अपराधों की रोकथाम और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इस दौरान विभागीय अधिकारियों ने सभी सम्मानित पुलिसकर्मियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और आगे भी इसी तरह उत्कृष्ट कार्य करते रहने के लिए प्रोत्साहित किया। वहीं स्थानीय लोगों और रेलवे यात्रियों ने भी पुलिसकर्मियों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे समर्पित और कर्तव्यनिष्ठ जवानों के कारण ही आमजन को सुरक्षित यात्रा का भरोसा मिलता है।

## महोत्सव के पहले दिन 600 जोड़ों का हुआ सामूहिक विवाह



जौनपुर। तीन दिवसीय महोत्सव के पहले मंगलवार को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 600 से अधिक जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ। यह आयोजन शाही किला में किया गया, जिसमें हिंदू रीति-रिवाज से विवाह और मुस्लिम जोड़ों का निकाह शामिल था। कार्यक्रम में जौनपुर के प्रभारी मंत्री एके शर्मा उपस्थित रहे। उन्होंने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया और मंडप में पहुंचकर नवदंपतियों को जीवन यापन के लिए दैनिक वस्तुएं उपहार स्वरूप भेंट कीं। प्रभारी मंत्री एके शर्मा ने इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सामूहिक विवाह योजना की सराहना की। मंत्री ने जानकारी दी कि जिला प्रशासन के सहयोग से 600 से अधिक जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ है। उन्होंने सभी नवदंपतियों के उज्जवल भविष्य की कामना की और मंत्री शर्मा ने योजना के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इसका लक्ष्य गरीब परिवारों की बेटियों की शादी में आने वाली बाधाओं को दूर करना है। इस योजना के तहत प्रति जोड़े को एक लाख रुपये की सहायता राशि प्रदान की जाती है, जिससे परिवारों को आर्थिक मदद मिलती है। उन्होने बताया कि सरकार बनने के बाद गरीब परिवारों के कल्याण के लिए कई योजनायें चलायी जा रही है जिसमें सामूहिक विवाह योजना प्रमुख है। इस अवसर पर एमएलसी ब्रिजेश सिंह और जिलाधिकारी व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## ई-ऑफिस प्रणाली के प्रभावी संचालन पर जोर

आजमगढ़। डीएम रविन्द्र कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में समस्त कार्यालयों में ई आफिस के शत प्रतिशत संचालन के सम्बन्ध में बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने ई-ऑफिस प्रणाली के प्रभावी संचालन पर विशेष जोर देते हुए सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि जिन अधिकारियों/ कर्मचारियों ने अभी तक अपना ई-ऑफिस लॉगिन सक्रिय नहीं किया है, वे अविलम्ब अनिवार्य रूप से अपना-अपना लॉगिन कर लें। उन्होने अधिकारियों/कर्मचारियों को निर्देश दिया कि ई-ऑफिस लॉगिन में अधिक से अधिक फाइलों का मूवमेंट कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने सख्त निर्देश दिया कि वित्तीय फाइलों के अलावा समस्त फाइलें अनिवार्य रूप से ई-आफिस के माध्यम से ही प्रेषित करें। उन्होंने कहा कि जिन अधिकारियों/ कर्मचारियों द्वारा ई आफिस लॉगिन नही किया जायेगा।

## एक दिवसीय ब्लाक स्तरीय संगोष्ठी व उन्मुखीकरण कार्यक्रम संपन्न



म्योरपुर/सोनभद्र। स्थानीय कस्बा स्थित बिडला विद्या मन्दिर इंटर कालेज परिसर में मांगवार को ग्राम प्रधान स्थानीय प्राधिकारी निकाय के सदस्यों एवं प्रधानाध्यापको का उन्मुखीकरण कार्यक्रम सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में आये विशिष्ठ अतिथि एव मुख्य अतिथियों का माल्यार्पण कर अंग वस्त्र भेट करस्वागत किया गया। उक्त कार्यक्रम में शिक्षा विभाग द्वारा बच्चों के पठन पाठन सम्बन्धित अभिभावकों को विस्तृत जानकारी दी गयी। विशिष्ठ अतिथि दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री जीत सिंह खरवार ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा बच्चों के खाते मे 1200 रुपए सीधा जा रहा हैं। इस पैसे से अभिभावक स्कूल ड्रेस, बैग जूता खरीद रहे हैं। ग्राम प्रधान कि देख रेख मे विकास खण्ड के सभी स्कूलों मे मिड डे मिल समय से मिल रहा हैं। ब्लाक प्रमुख मान सिंह गोड़ ने कहा कि समाज कल्याण विभाग कि ओर से 60: अंक प्राप्त करने पर स्कॉलरशिप उपलब्ध कराई जा रही हैं। अनु. जाती जन.जाती के बच्चों को साइकिल मिलने से अब उन्हें पैदल नहीं स्कूल जाना पड़ रहा हैं। मुख्य अतिथि समाज कल्याण मंत्री संजय सिंह गोड़ ने कहा कि प्रदेश के प्राथमिक तथा उच्च प्राथमिक वो विद्यालयों का काया कल्प किया जा रहा है। अभिभावक अपने हिसाब से खरीददारीकर रहे हैं। साइकिल वितरण कर रहे है। प्रदेश के मुख्य महंत योगी आदित्य नाथ ने शिक्षा मित्रो का मान देव बढा दिया हैं अब 18000 रुपए मान देय शिक्षा मित्रो को दिया जायेगा प्रधान संघ के अध्यक्ष प्रेम चंद्र यादव कि मांग पर कहा कि गढ़िया में सरकारी स्कूलों का कायाकल्प कराया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन रजनीश श्रीवास्तव ने किया इस दौरान भाजपा जिला मंत्री सुषमा सिंह, ग्राम प्रधान म्योरपुर संगीता गणेश आदि मौजूद रहे।

## आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का जल्द करें निस्तारण

सोनभद्र। जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त होने वाली जन शिकायतों के त्वरित एवं गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण हेतु जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ ही अन्य सम्बन्धित अधिकारियों के उपस्थिति में बैठक की गयी।

बैठक में आई०जी०आर०एस० पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में अधिक से संख्या में असंतुष्ट फिडबैक पाये जाने पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण, अधिशासी अभियन्ता नगरीय अधिशासी अभियन्ता विद्युत पिपरी, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, खाद्य विपणन अधिकारी, ज्येष्ठ खान अधिकारी को आई0जी0आर0एस0 पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के ससमय व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण न किये जाने पर वेतन भुगतान पर रोक व स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिये। श्री सिंह ने उपस्थित अधिकारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रदेश के मा0 मुख्यमंत्री जी की मंशा है कि जनता दर्शन, तहसील दिवस, आई0जी0आर0एस0, थाना समाधान दिवस में प्राप्त होने वाली शिकायतों का निस्तारण ससमय व गुणवत्ता पूर्ण तरीके से सुनिश्चित किया जाये, जिससे कि जन मानस की समस्याओं का ससमय निस्तारण हो सकें। पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायातों के निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारी स्थल पर जाकर शिकायतकर्ता का फीडबैक प्राप्त करते हुए शिकायतों का गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण करें।

## डॉ.आरबी चौहान जिलाध्यक्ष, डॉ. विभव सिन्हा महामंत्री बनें



मछलीशहर/ जौनपुर। सेवा भारती जिला मछलीशहर की बैठक कमला हॉस्पिटल मछली शहर पर हुई। जिसमें क्षेत्र सेवा प्रमुख पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र के युद्धवीर की संस्तुति के उपरांत प्रान्त सहसेवा प्रमुख काशी प्रान्त पवन ने बहुप्रतीक्षित जिला कार्यसमिति की घोषणा कर दी है।

इस घोषणा के साथ ही संगठन में नई ऊर्जा और सक्रियता का संचार होने की उम्मीद जताई जा रही है। जिससे संगठन की समावेशी सोच स्पष्ट रूप से परिलक्षित होती है। डॉ0 विनय कुमार त्रिपाठी विभाग उपाध्यक्ष जौनपुर द्वारा जारी 25 पदाधिकारियों की सूची में सेवा भारती की मंशा के अनुरूप युवाओं को प्राथमिकता देते हुए सामाजिक समीकरण का विशेष ध्यान रखा गया है। चार विधानसभा क्षेत्रों वाली इस जनपद इकाई में सभी वर्गों के प्रतिनिधित्व को संतुलित ढंग से शामिल किया गया है। जिसमें संरक्षक ब्रह्मदेव उपाध्याय, जिलाध्यक्ष डॉ आर बी चैहान उपाध्यक्ष ओम प्रकाश तिवारी, डॉ ए के तिवारी,संतोष बिंद, महामंत्री डॉ विभव सिन्हा, सौरभ दुबे मंत्री संगम, परमानंद, नितेश सेठ कोषाध्यक्ष रणजीत यादव संपर्क प्रमुख मोलू जायसवाल किशोरी विकास प्रमुख बीना सिंह तथा प्रचार प्रमुख का दायित्व जय प्रकाश तिवारी को दिया गया। वहीं पर स्वालंबन प्रमुख संजय सिंह स्वास्थ आयाम प्रमुख डॉ0 कोविदेंद्र अध्ययन प्रमुख सुशील मिश्रा तथा सामाजिक आयाम प्रमुख अशोक सरोज को बनाया गया। सेवा भारती पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने इस घोषणा का स्वागत करते हुए इसे संगठन को और मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया है। नई टीम से आगामी संगठनात्मक गतिविधियों में बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद जताई जा रही है। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ तेज सिंह बाल रोग विशेषज्ञ विभाग अध्यक्ष तथा डॉ वेद प्रकाश सिंह विभाग सेवा प्रमुख जौनपुर ने की। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक मछलीशहर राजेन्द्र प्रथम एवं सौरभ त्रिपाठी, अंकित चैधरी, अभिनय उपाध्याय, महेश रूद्र मौर्य, दिलीप जायसवाल आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अरविंद जिला सेवा प्रमुख मछलीशहर ने किया।

## नाले में डूबे युवक की लाश 20 घंटे बाद मिली

जौनपुर। खुटहन थाना क्षेत्र में एक युवक की नाले में डूबने से मौत हो गई। करीब 20 घंटे तक चले खोजबीन अभियान के बाद युवक का शव सेवई नाले से बरामद किया गया। यह घटना कपसियां गांव के पास हुई। ज्ञात हो कि शेरापट्टी गांव निवासी 28 वर्षीय दीपक यादव अपने दोस्तों के साथ नाले के चेकडैम पर नहाने गया था। नहाते समय अचानक पानी का बहाव तेज हो गया, जिससे दीपक अपना संतुलन खो बैठा और गहरे पानी में बह गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और गोताखोरों की टीम मौके पर पहुंची। ग्रामीणों की मदद से तुरंत रेस्क्यू अभियान शुरू किया गया, लेकिन देर शाम तक दीपक का कोई सुराग नहीं मिल सका। अगले दिन सुबह करीब 8 बजे दीपक यादव का शव घटनास्थल से लगभग डेढ़ किलोमीटर दूर नाले में मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले में आगे की आवश्यक कार्रवाई कर रही है। बताया जा रहा है कि मृतक दीपक यादव पढ़ाई में होशियार था और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा था। वह अपने परिवार का इकलौता बेटा था। इस हादसे के बाद गांव में सुरक्षा उपायों को लेकर चिंता व्यक्त की गई है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि नाले के चेकडैम पर बैरिकेडिंग और चेतावनी बोर्ड जैसे पुख्ता सुरक्षा इंतजाम किए जाएं, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।

## छठे दिन मां शारदा का भव्य श्रृंगार



जौनपुर। नगर स्थित परमानतपुर में नवरात्रि के छठे दिन मंगलवार को माँ शारदा मैहर वाली मंदिर में अद्भुत भक्ति और श्रद्धा का दृश्य देखने को मिला। मंदिर परिसर को रंग-बिरंगे फूलों और आकर्षक सजावट से सुसज्जित किया गया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें माता के दर्शन के लिए लगी रहीं। छठे स्वरूप मां कात्यायनी को स्मरण कर इस अवसर पर मंगला आरती से पहले माँ शारदा का विशेष श्रृंगार किया गया। माता को लाल चुनरी और आभूषणों से सजाया गया, वहीं गेंदा और सफेद फूलों की सुंदर मालाओं से उनका अलौकिक रूप और निखर उठा। चारों ओर लटकती पुष्पमालाएं और दीपों की रोशनी ने मंदिर को दिव्यता से भर दिया। श्रृंगार के साथ-साथ माता को भोग अर्पित किया गया, जिसमें फल, मिठाइयां और विभिन्न प्रकार के प्रसाद शामिल रहे। भक्तों ने श्रद्धापूर्वक नारियल, फल और पुष्प अर्पित कर माता का आशीर्वाद प्राप्त किया। मंदिर में मंत्रोच्चार से वातावरण पूरी तरह भक्तिमय बना रहा। पुजारियों द्वारा विधि-विधान से आरती संपन्न कराई गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। आरती के दौरान हृजय माता दीहृ के जयकारों से पूरा मंदिर गूंज उठा। श्रद्धालुओं का मानना है कि नवरात्रि के इस दिन माँ शारदा की पूजा करने से ज्ञान, बुद्धि और समृद्धि की प्राप्ति होती है। पूरे आयोजन में धार्मिक उत्साह और आस्था का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया।

## शिक्षकों को बाधाओं से डरने की जरूरत नहीं:बीएसए

जौनपुर। बेसिक शिक्षा अधिकारी डा. गोरखनाथ पटेल ने प्राथमिक विद्यालय ताहिरपुर में किचन गार्डन, बैठने के लिए डेस्क बेंच, व डिजिटल कक्षा की व्यवस्था का उद्घाटन किया। विद्यालय को यह सुविधाएं एक्शन एड इंडिया द्वारा संचालित नई पहल शिक्षा परियोजना के अंतर्गत आदित्य बिड़ला कैपिटल फाउंडेशन के सहयोग से प्राप्त हुआ। बीएसए ने कहा कि सिकरारा क्षेत्र के परिषदीय स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों का कॉफिडेंट लेबल बहुत ऊंचा है। कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर काम करने वाली गैर सरकारी संस्थाओं का जो भी सहयोग बन सकेगा जरूर किया जाएगा। शिक्षक अपने आत्म विश्वास को बरकरार रखे। उन्हें किसी भी बाधाओं से डरने की जरूरत नहीं है। खंड शिक्षा अधिकारी मड़ियाहूं उदयभान कुशवाहा व सिकरारा के अजीत सिंह ने संस्था के प्रयासों की सराहना की तथा कहा कि इससे नामांकन व ठहराव में वृद्धि होगी प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अमित सिंह ने कहा कि संस्था ने अपने धरातलीय प्रयास से परिषदीय विद्यालयों को सुदृढ़ करने का कार्य किया है, आगे अन्य और भी विद्यालयों की मूलभूत सुविधाओं को प्रदान करने की अपील भी की। जिला कोऑर्डिनेटर बीनू सिंह ने एक्शन एड के बारे में बताया। अनुपम श्रीवास्तव, ब्लाक अध्यक्ष मृत्युजंय सिंह, राजीव सिंह लोहिया, विशाल सिंह, रवि मिश्र, सतीश सिंह, अध्यापक यादवेंद्र यादव,सीमा रानी गुप्ता , डॉ दिवाकर यादव, वीरेंद्र कुमार यादव , अश्वनी कुमार आदि मौजूद थे। आभार महाजन अली ने ज्ञापित किया।

## शिक्षा के बिना विकास संभव नहीं: रामकल

शाहगंज, (सोनभद्र)। सदर ब्लाक के कम्पोजिट विद्यालय सेंधुरी में मंगलवार को धूमधाम के साथ वार्षिकोत्सव मनाया गया। इस कार्यक्रम में राज्यसभा और लोकसभा के पूर्व सांसद रामसकल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। प्रधान संघ के अध्यक्ष सुरेश शुक्ला विशिष्ट अतिथि थे। कार्यक्रम का आयोजन प्रधानाध्यापक कमलेश सिंह के नेतृत्व में हुआ। मुख्य अतिथि रामसकल के आगमन पर विद्यालय के छात्रों ने ढोल-नगाड़ों के साथ उनका स्वागत किया। इसके बाद, पूर्व सांसद ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया। समारोह के दौरान विद्यालय के बच्चों ने विभिन्न प्रकार के रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिन्होंने उपस्थित सभी लोगों का ध्यान आकर्षित किया। मुख्य अतिथि रामसकल ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा ही विकास की कुंजी है और इसके बिना सम्मान तथा विकास संभव नहीं है। उन्होंने अभिभावकों से अपने बच्चों को नियमित रूप से स्कूल भेजने का आग्रह किया और शिक्षकों से निष्ठापूर्वक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने का आह्वान किया। खंड शिक्षा अधिकारी सुरेंद्र मौर्य ने कहा कि शिक्षा ज्ञान का दर्पण है। उन्होंने इस ज्ञान के दीपक को प्रज्वलित रखने में अभिभावकों और शिक्षकों दोनों की जिम्मेदारी पर जोर दिया। उन्होंने बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए भी प्रेरित किया। ग्राम प्रधान ने उपस्थित अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।



# उप मुख्यमंत्री केशव मौर्य ने काली खोह व अष्टभुजा देवी का किया दर्शन-पूजन



जिला संवाददाता

मीरजापुर। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने मंगलवार को जनपद भ्रमण के दौरान आदि शक्ति मां विन्ध्यवासिनी देवी मन्दिर पहुंचकर मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया।

तत्पश्चात कालीखोह मन्दिर जाकर माता काली जी, अष्टभुजा मन्दिर पहुंचकर माता अष्टभुजा देवी का दर्शन पूजन कर आशीर्वाद लिया व देश व प्रदेश की सुख समृद्धि की कामना की।

दर्शनोपरान्त उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने उपस्थित पत्रकार बंधुओ से वार्ता के दौरान कहा कि आज मां विन्ध्यवासिनी देवी का दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि मां विन्ध्यवासिनी देवी ने जो दर्शन देकर अपना आशीर्वाद दिया है उसके लिए मैं अपने आप को सौभाग्यशाली मानता हूं। कहा पूरे प्रदेशवासियों के खुशहाली, अच्छे स्वास्थ्य, उनके प्रगति के लिए मां के चरणों में प्रार्थना करता हूं। उन्होंने कहा कि नव संवतसर शुरू हुआ है रामनवमी भी आने वाली है भगवान रामलला का भव्य मन्दिर व काशी विश्वनाथ मन्दिर का भव्य मन्दिर बना, तो वहीं विन्ध्याचल मां का धाम भी भव्य कारीडोर के रूप में बनकर तैयार होने की स्थिति में है। उन्होंने कहा कि हम सभी के लिए गर्व की बात है, इसके कारण निरंतर श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ रही है। यह मां की महिमा स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। उन्होंने कहा कि आने वाला समय प्रदेश में हर प्रकार से सरकार, पार्टी व हमारे प्रदेश वासियो के लिए शूभ हो यही मां के चरणो की विनती कर कामना की। उप मुख्यमंत्री हेलीकाप्टर द्वारा तकरीबन 2 बजे पुलिस लाइन हेलीपैड पर उतरे जहां पर जिले के जनप्रतिनिधियों सहित जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार, पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक, मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार, परियोजना निदेशक डीआरडीए धरमजीत सिंह व अन्य जनप्रतिनिधियो ने उप मुख्यमंत्री को पुष्प गुच्छ भेंटकर हेलीपैड पर स्वागत व अभिनन्दन किया।

# दुकान से बाइक सवार दो बदमाशों ने की लूट

- सीसीटीवी फुटेज में बदमाशों की सामने आई तस्वीरें
- बाइक से भागते हुए दिखाई दिए बदमाश

मीरजापुर। जिले में बदमाश बेखौफ हो रहें हैं। उन्हें पुलिस का जरा भी खौफ नहीं रहा है। कुछ ऐसा ही तब देखने में आया है जब हार्डवेयर की दुकान के कैश काउंटर से ?30,000 की लूट कर बदमाश बाइक से भाग निकले हैं।

लूट की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हुईं हैं। बताते चलें कि चील्ह थाना क्षेत्र के पुजार्गीर बाजार स्थित आर के मशीनरी एंड हार्डवेयर स्टोर के दुकान के कैश काउंटर में रखा ?30,000 बाइक सवार दो बदमाश लूट कर फरार हो गए। तिलठी गांव निवासी विपिन यादव की हार्डवेयर की दुकान पुरजागीर बाजार में स्थित है। विपिन यादव ने बताया कि सोमवार को दोपहर दुकान के कैश काउंटर में ?50,000 रखा था जिसमें से ?20,000 लेकर विपिन यादव मिजार्पुर चले गए उस समय दुकान पर उनका पुत्र आयुष यादव बैठा था कि उसी समय बिना नंबर प्लेट की बाइक प्लैटिना से दो बदमाश दुकान पर पहुंचे और आयुष को सामान लाने के लिए दुकान के पीछे भेज दिया और काउंटर खींचकर उसमें रखा ?30000 लेकर भागने लगें। तब तक आयुष पीछे दौड़ा तो बदमाशों ने आयुष के ऊपर कुछ पाउडर छिड़क दिए जिससे आयुष बेहोश हो गया और बदमाश औराई की तरफ फरार हो गए। आयुष को बेहोश होता देख आसपास के दुकानदारों ने दौड़कर आयुष को संभाला व घटना की सूचना दुकान संचालक विपिन यादव को दी। विपिन यादव मिजार्पुर से दुकान पर पहुंचे तो उनका पुत्र आयुष होश में आ चुका था। उसने घटना के जब बताया तो विपिन यादव ने दुकान में लगा सीसीटीवी कैमरा चेक किया तो बिना नंबर प्लेट की बाइक प्लैटिना से दो बदमाश भागते हुए दिखाई दिए। दुकानदार ने तत्काल घटना की सूचना पुलिस को दिया जिसपर मौके पर पहुंची पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे के आधार पर जांच पड़ताल में जुटी है।

# जनजातीय उत्सव में गूंजा वीरता का स्वर

जिला संवाददाता(vol)



सोनभद्र। उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार एवं जिला प्रशासन सोनभद्र के संयुक्त तत्वावधान में, संत कीनाराम स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राबर्टसगंज के सहयोग से आयोजित तीन दिवसीय जनजातीय उत्सव के दूसरे दिन मंगलवार को लोक परंपराओं की अद्भुत छटा देखने को मिली। यूपी, एमपी और राजस्थान के कलाकारों ने एक से बढ़कर एक कला का प्रदर्शन कर जलवा बिखेरा।

कार्यक्रम की शुरूआत वीर रस से ओतप्रोत आल्हा गायन से हुई। रायबरेली से आयी अंजलि सिंह एवं दल ने जैसे ही स्वर छेड़ा ह्लबारह बरिस तक कुत्ता जीवे, सोलह बरिस सियार,बरिस अठारह क्षत्रिय जीवे, आगे जीवन बेकार३ह्लपूरा वातावरण जोश, उत्साह और वीरता की भावना से भर उठा। दर्शक देर तक इस प्रस्तुति में डूबे रहे। इसके पश्चात ह्रास कुमार मारावी द्वारा रीना शैला नृत्य, सोना राम एवं दल द्वारा गरदबाजा नृत्य, राम आधार एवं दल द्वारा करमा नृत्य, तेजकरण एवं दल द्वारा चकरी व कालबेलिया नृत्य तथा लिखीराम ध्रुवे द्वारा गुदुम्बाजा नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियों ने जनजातीय संस्कृति की विविधता को सजीव कर दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि राधिका पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष, विशिष्ट अतिथि प्रमीला जायसवाल, जिला मंत्री, भाजपा द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। जागृति अवस्थी, मुख्य विकास अधिकारी (आई.ए.एस.), सोनभद्र की विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. गोपाल सिंह, प्राचार्य संत कीनाराम स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रॉबर्ट्सगंज, सोनभद्र रहे, जबकि कार्यक्रम की सम्पूर्ण परिकल्पना केंद्र निदेशक सुदेश शर्मा द्वारा की गई। कार्यक्रम का सफल संचालन आराध्या व गौरी ने किया। कार्यक्रम का समापन 25 मार्च बुधवार को होगा।

इस अवसर पर विनय सिंह (सूचना अधिकारी), लियाकत अली शाह (अध्यक्ष, मुस्लिम समाज लोढ़ी), राजेश भारती (सहायक पर्यटन अधिकारी), पुष्पा सिंह (महिला मोर्चा भाजपा), राजेश कुमार पाठक एडवोकेट, चंद्रभूषण पांडेय, शमशेर बहादुर सिंह पूर्व प्रधान लोढ़ी, दिनेश बियार अपना दल, राजेश कुमार मिश्रा, विनोद कुमार जालान एवं कार्यक्रम समन्वयक मनोज कुमार सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।

